10.12.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री-शहीद दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहीद दिवस के अवसर पर असम आंदोलन में शामिल सभी वीरों का स्मरण किया। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आंदोलन राष्ट्र के इतिहास में हमेशा महत्वपूर्ण स्थान रखेगा। श्री मोदी ने असम की संस्कृति और राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए देश की प्रतिबद्धता को दोहराया।

राष्ट्रपति- मानवाधिकार दिवस 2025

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत एक ऐसा राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है जहां मानवाधिकारों की न केवल रक्षा की जाती है बल्कि उनका सम्मान भी किया जाता है। नई दिल्ली में मानवाधिकार दिवस 2025 और दैनिक आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि गरिमा पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता और किसी को भी उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि मानवाधिकार दिवस एक न्यायपूर्ण, समतावादी और करुणामय समाज की पृष्ठभूमि तैयार करता है। उन्होंने कहा कि न्याय मिलना प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार होना चाहिए।

लोकसभा - रेलवे स्टेशन

सरकार ने कहा है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 160 रेलवे स्टेशनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। आज लोकसभा में पूरक प्रश्न के उत्तर में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत विकास के लिए एक हजार तीन सौ से अधिक स्टेशनों की पहचान की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए यात्री आवास क्षेत्र, यात्री हॉल, पार्किंग और रेलवे स्टेशनों तक आसान पहुंच का निर्माण कर रही है। श्री वैष्णव ने कहा कि स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य यात्री सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री- सड़क हादसा

सागर जिले में हुए दर्दनाक सड़क हादसे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गहरा दुख व्यक्त किया है। बुधवार तड़के हुए हादसे में मुरैना बीडीएस के चार जवानों की मौत हो गई, जबकि एक जवान घायल हो गया। सभी जवान बालाघाट से नक्सल विरोधी अभियान की ड्यूटी कर लौट रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से शोक संदेश जारी करते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत हृदयविदारक है। उन्होंने दिवंगत जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री ने घायल जवान के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस- प्रदेश

आज प्रदेशभर में अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों को मानव अधिकारों के संरक्षण और सम्मान की शपथ दिलाई जाएगी। सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने दफ्तरों में एकत्र होकर शपथ ग्रहण करेंगे।

हेलमेट वितरित

उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने आज दमोह जिले में जीवन रक्षा के उद्देश्य से आम नागरिक वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से अपील की कि जीवन अमूल्य है और दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें। कार्यक्रम जिला प्रशासन की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

मौसम

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का असर लगातार बना हुआ है। सर्द हवाओं के कारण तापमान तेजी से गिरा है। राजधानी भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर समेत प्रदेश के 25 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए शीतलहर का अलर्ट जारी किया है।